पुस्तकालय

(2)
3223
25/4/12

सत्यमेव जयते

असंशोधित

2 APR 2012

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

---

(भाग 1–कार्यवाही–प्रश्नोत्तर)

प्रतिवेदन शाखा
गै०स०प्र०सं०··676···तिथि··25/4/12

बीज का राशि पड़ा रहा मिल के अंदर और किसानों को उपलब्ध नहीं कराया महोदय । क्या सरकार इसकी भी जांच कराकर उन संबंधित मिलों पर कार्रवाई करना चाहती है या नहीं ?

अध्यक्ष : माननीय मंत्रीजी संज्ञान में ले लीजिये और उसकी जांच करा लीजिये ।

श्री अवधेश प्रसाद कुशवाहा,मंत्री : उसकी जांच हम करा लेंगे।

अध्यक्ष : जांच करायेगी सरकार ।

श्री रामायण मांझी : अध्यक्ष महोदय,माननीय मंत्रीजी ऐक्सेप्ट किये हैं लेकिन जवाब तो अधूरा जवाब है । ये किसान हित की बात है ।

अध्यक्ष : माननीय मंत्री ने कहा उसकी जांच करायेंगे ।

श्री रामायण मांझी : सर-सर, सदन अगर इसपर विचार नहीं करेगा और माननीय मंत्री महोदयजी विचार नहीं करेंगे, 2009-10 और 10-11 में किसानहित के लिये अनेक उपकरण, कीटनाशक दवा, ढैंचा उत्पादन बढ़ाने के लिये या सामग्री के लिये पैसा ..

अध्यक्ष : रामायण मांझीजी ..

श्री रामायण मांझी : 80 करोड़ रूपया, ये साफ है और उस 80 करोड़ रूपया का इनके द्वारा विभाग के द्वारा क्या किया गया इसकी जांच की बात मांगा जा रहा है कि इसमें क्या हुआ और नहीं तो इसकी जांच कोई विशेष कमिटी के द्वारा उसको करायें, ये तो किसानहित की बात है और साफ इसमें मुझे दिखलायी दे रहा है माननीय मंत्रीजी के उत्तर के उपलक्ष्य में कि साफ इसमें घोटाला हुआ है । मेरा आग्रह होगा सदन से कि इसकी जांच कराकर और उसमें लिप्त लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिये । ये 80 करोड़ का मामला है और किसान के लिये ..

अध्यक्ष : बैठिये ।

श्री रामायण मांझी : किसान के हित के लिये ..

अध्यक्ष : बैठिये , बैठिये । सरकार ने स्वीकार किया है इसकी जांच करायी जायेगी ।

<u>तारांकित प्रश्न सं0-3140(श्री बृजकिशोर सिंह)</u>

श्री अवधेश प्रसाद कुशवाहा,मंत्री : महोदय, उत्तर आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है । श्री हरदेव राय पिता स्व0 रामवृक्ष राय एवं उनके परिवार के जिम्मे ग्राम-मठिया, बरियारपुर,मोतीपुर अंतर्गत कुल 31 एकड़ फार्म लैंड अवैध दखल कब्जे में है जिसे तत्कालीन महाप्रबंधक द्वारा उन्हें 2006 में लीज पर जमीन दी गयी थी । वर्णित जमीन बरियारपुर फार्म का है परंतु प्रबंध निदेशक,बिहार राज्य चीनी निगम पटना के पत्रांक 417 दिनांक 27.2.2007 द्वारा लीज रद्द कर दिया गया जिसकी सूचना संबंधित व्यक्तियों को दे दी गयी । तत्कालीन महाप्रबंधक द्वारा लीज रद्द करने की सूचना समाचार पत्रों में भी प्रकाशित किया गया । श्री हरदेव राय एवं उनके परिवार के कब्जे में उक्त जमीन आजतक है । अवैध दखल कब्जा

मुक्त करने हेतु जिला पदाधिकारी,मुजफ्फरपुर से अनुरोध किया गया है । श्री दामोदर ठाकुर को जमीन लीज पर जमीन नहीं दी गयी है । श्री ठाकुर के पास कोई जमीन अवैध दखल कब्जे में नहीं है ।

अध्यक्ष : हो गया ।

श्री बृजकिशोर सिंह : मोतीपुर चीनी मिल की जमीन, हमारा क्वेश्चन है महोदय, सैकड़ों एकड़ जमीन वर्षो से अवैध कब्जा लोग किये हुए हैं और सीधा सवाल मेरा है कि उनसे खाली कराया जाय । सरकार अधिग्रहण कर लिया और वो जमीन हम, आप, दूसरे, तीसरे जोत रहे हैं ।

अध्यक्ष : सरकार ने कहा कि खाली कराने का आदेश दिया गया है ।

श्री बृजकिशोर सिंह : जी नहीं । कोई कार्रवाई नहीं चल रही है ।

अध्यक्ष : हां तो करायेंगे ।

श्री अवधेश प्रसाद कुशवाहा,मंत्री : महोदय,मोतीपुर सूगर फैक्ट्री में ..

अध्यक्ष : बैठ जाइये बृजकिशोर बाबू ।

श्री अवधेश प्रसाद कुशवाहा,मंत्री : 1366 एकड़ जमीन थी जिसमें से 266 एकड़ आई0पी0एल0 कम्पनी को दिया गया है, 66 एकड़ फैक्ट्री लगाने के लिये और 200 एकड़ डेयरी लगाने के लिये, बाकी 1100 एकड़ जो जमीन बचा है, उस 1100 एकड़ जमीन में से इधर हमलोग फिर राष्ट्रीय गन्ना अनुसंधान केंद्र, लखनऊ को भी बीज उत्पादन के लिये हमलोग दिये हैं कि बिहार में गन्ना काश्तकारों को बीज की आपूर्ति पूरी नहीं हो रही है, इसके लिये एक पाईपलाईन में है, हमलोग लगे हुए हैं, माननीय मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री के स्तर से कार्रवाई चल रही है कि वहां अच्छा प्रीमियम वेरायटी का लगे और इसी के तहत माननीय सदस्य जो सवाल किये हैं तो बहुत लोग इसमें से करीब 400 से 500 एकड़ परती है जिसपर लोग खेती करते हैं और माननीय सदस्य जो प्रश्नकर्ता हैं उनके परिवार के भी कुछ लोग खेती किये हुए हैं ।

श्री बृजकिशोर सिंह : मेरे परिवार का कोई उसमें खेती नहीं करता है, इसकी मुझे गारंटी है । नहीं-नहीं, हम चाहते हैं, मेरा बेटा हो चाहे भाई हो यदि है तो इसको खाली कराइये, कै दिन में खाली कराइयेगा, कितना समय लगेगा इसको बता दीजिये, आप दो महीना में कराइयेगा, दो दिन में कराइयेगा कि एक महीना में कराइयेगा ।

अध्यक्ष : बैठिये ।

श्री अब्दुल गफूर : अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री स्वीकारते हैं कि लोग जमीन पर कब्जा किये हुए हैं और खेती किये हुए हैं तो क्या माननीय मंत्रीजी यह बता सकते हैं कि कितनी जमीन पर लोग नाजायज रूप से खेती कर रहे हैं ?

श्री अवधेश प्रसाद कुशवाहा,मंत्री : जो विभाग द्वारा लिस्ट आया है उसमें करीब 31-32 परिवार हैं जिसमें 27 नंबर पर श्री अरूण कुमार सिंह पिता श्री बृजकिशोर सिंह का भी नाम दर्ज है महोदय ।

टर्न-2/2.4.12/ ....

श्रीरमण/

7

अध्यक्ष : माननीय मंत्रीजी,उतना विस्तार से ..

श्री अवधेश प्रसाद कुशवाहा,मंत्री : 44 आदमी ..

अध्यक्ष : आप इसे समय सीमा में शीघ्र अति शीघ्र अग्रतर कार्रवाई उसपर करने का आदेश निर्गत करिये या कराइये उसको । जो अवैध कब्जा में है उसको खाली कराइये ।

श्री बृजकिशोर सिंह : अध्यक्ष महोदय, आप जांच करा लीजिये कि वहां जमीन कौन कौन कब्जा किये हुए हैं, कौन कब्जा किये हुए है, यदि हमारे पास है तो हम पर ..

अध्यक्ष : चाहे किसी के पास हो जो अवैध कब्जा है उसको हटाने की सरकार कार्रवाई करेगी । बैठिये ।

<u>तारांकित प्रश्न सं0-3141 (श्री राजेश्वर राज)</u>

श्री विजय कुमार चौधरी,मंत्री : महोदय, 1. एवं 2. वस्तुस्थिति यह है कि रोहतास जिला के कछुआ थानाकर्मियों के लिये आवासीय बैरक है जिसमें पुलिसकर्मी रहते हैं परंतु अधिकारियों के लिये आवास नहीं बन पाया है ।

3. कुछआ थाना परिसर में अधिकारियों के लिये दो एल0एस0 एवं दो यू0एस0 आवासीय भवन के निर्माण हेतु कार्रवाई की गयी है एवं इसी वित्तीय वर्ष 2012-13 में कार्य आरंभ हो जायेगा ।

श्री राजेश्वर राज : अध्यक्ष महोदय, हमने भी कहा है कि वहां रहते हैं लोग लेकिन किराये के मकान में रहते हैं और ..

अध्यक्ष : सकारात्मक जवाब माननीय मंत्री ने कहा कि इसी वित्तीय वर्ष में उसको पूरा करा लिया जायेगा। अब इसमें कहां कोई पूरक प्रश्न है ।

<u>तारांकित प्रश्न सं0-3142(श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार)</u>

श्री सुशील कुमार मोदी,उप मुख्यमंत्री : महोदय, 1. उत्तर अस्वीकारात्मक है । जिला पदाधिकारी,मुंगेर से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार मुंगेर जिले का मानिकपुर लखनपुर गांव का कोई अंश भागलपुर जिला में नहीं पड़ता है ।

... क्रमशः ...